### एक नजर में



## रेल अधिकारियों ने निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

**ग्वालियर 24 अक्टूबर.** आज मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के निर्देश पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) पी.पी. शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) नीरज भटनागर तथा वरिष्ठ मंडल अभियंता (नॉर्थ) अजय मीणा ग्वालियर आये और गोहद-भिण्ड में रेलवे स्टेशन, निर्माणाधीन भिंड गुड्स शेड एवं गोहद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान समपार फाटक संख्या 50, 30 एवं 28 पर बन रहे रोड ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया गया तथा अधिकारियों द्वारा गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के उपरांत सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र थापक एवं सीपीएम/गतिशक्ति पी.के. सिंह के साथ निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति पर संयुक्त बैठक आयोजित की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी अवलोकन किया और आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के कुशल मार्गदर्शन में भिंड एवं गोहद स्टेशनों सहित भिंड के निर्माणाधीन गुड्स शेड तथा रोड ओवर ब्रिज कार्यों की सतत समीक्षा की जा रही है, ताकि यात्रियों की सुविधाओं और माल परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

## शराब के नशे में जीजा-साले में सिर फुटव्वल

ग्वालियर। पत्नी व बच्चों को मायके से वापस लेने आए युवक का सिर उसी के साले ने फोड़ दिया। झगड़े से पहले दोनों ने छककर शराब पी और जब नशा सिर पर चढ़ा तो किसी बात पर विवाद हो गया। साले ने पास में पड़ा पत्थर उठाया और जीजा के सिर में मार दिया जिससे सिर फट गया। पड़ाव पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। रिंकू वाल्मीकि पुत्र दिलीप वाल्मीकि निवासी रिठौरा कला जिला मुरैना की ससुराल मिसहिल स्कूल पड़ाव के पास है। रिंकू अपनी पत्नी रेखा व बच्चों को लेने आया था। गुरुवार शाम 4 बजे रिंकू वाल्मीकि का साला आकाश धोलपुरिया ने उससे कहा कि चलो कहीं बैठते हैं। जीजा-साले ने शराब पी और इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। आकाश अपने जीजा रिंकू को गालियां देने लगा तो उसने मना किया। झगड़ा बढ़ गया तो आकाश ने पास में पड़ा हुआ पत्थर उठाया और रिंकू के सिर में मार दिया, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। रिंकू की पत्नी रेखा ने बीच-बचाव काराया। आरोपी आकाश ने धमकी दी कि अगर पुलिस में रिपोर्ट लिखाई तो जान से मार दूंगा।

## ब्रह्म गंगा रजत जयंती महोत्सव सम्मान समारोह एवं अन्नकूट उत्सव आज

ग्वालियर। समग्र ब्राह्मण समाज की आवाज, समाज के विद्वानों एवं प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति का मंच उपलब्ध कराने में 24 वर्ष से जुटी समाज की मुख्य पत्रिका ब्रह्मागंगा द्वारा अपने प्रकाशन वर्ष के सफल 25 वर्ष पूर्ण होने के पर 25 अक्टूबर को शाम 6 बजे मानस भवन फूलबाग पर रजत जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद अनूप मिश्रा एवं अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री राकेश सिंह चौधरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर पं. संतोष शर्मा गुरुजी करेंगे। समारोह में जडेरुआ सरकार नागाजी महाराज सहित अंचल के साधु संतों का भी सानिध्य रहेगा। कार्यक्रम पूर्ण रूप से अराजनैतिक एवं सामाजिक समरसता पर केंद्रित है। ब्रह्म गंगा के संपादक बसंत पाराशर संरक्षक डॉ. अशोक मिश्रा, समन्वयक पं. कमल दुबे, संयोजक अतुल दुबे एवं पार्षद पीपी चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी यशवंत इंदापुरकर, विधायक अमरीश शर्मा गुड्डू, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, कृष्णकांत समाधिया, भार्गव समाज के पूर्व अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, रिटायर्ड एसडीओपी उपेंद्र दीक्षित,एच के पचौरी,चीफ इंजीनियर विनोद कटारे, ज्वाइंट परिवहन कमिश्नर विनोद भार्गव, डॉ मनीष खेमरिया, बसंत शर्मा, भूरा अनूप शर्मा, दर्शन पाठक, अजय चौधरी, आनंद शर्मा होंगे। इस अवसर पर आयोजित विचार संगोष्ठी में ब्राह्मण समाज की चुनौतियां समस्याओं समाज की विराट विरासत संघर्षपूर्ण वर्तमान एवं सुखद के साथ चुनौतीमय भविष्य पर समाज के वरिष्ठ जन विचार मंथन करेंगे। अपने ज्ञान के आलोक से समाज का मार्गदर्शन करने वाले वरिष्ठ विद्वजनों को ब्रह्म गंगा द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। समारोह के समापन पर अन्नकूट उत्सव आयोजित होगा।



## पूर्व महापौर स्व. पापरीकर को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

ग्वालियर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व महापौर रघुनाथ राव पापरीकर को शिवाजी पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहाकि डॉ. रघुनाथ राव पापरीकर ने नेहरू पार्क,कांग्रेस कार्यालय को बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहाकि स्व. पापरीकर के सभी दलों के साथ बेहतर संबंध थे। उन्होंने सदा देश एवं शहर के हित में ही कार्य किया है। श्रद्धांजलि देने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, यशवंत इंद्रापुरकर आदि मौजूद थे।

## विद्युत समस्या समाधान शिविर का आयोजन आज चेम्बर भवन में

ग्वालियर 24 अक्टूबर .मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री में प्रतिमाह आयोजित होने वाले विद्युत समस्या समाधान शिविर का आयोजन शनिवार, 25 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक चेम्बर भवन में किया गया है. यह शिविर शहर वृत ग्वालियर के सभी उपभोक्ताओं के लिए है. शिविर में मुख्य रूप से ग्वालियर रीजन के मुख्य महाप्रबंधक के साथ महाप्रबंधक शहर वृत तथा सेंट्रल, दक्षिण, पूर्व, उत्तर संभाग के उपमहाप्रबंधक भी उपस्थित रहेंगे. चेम्बर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है.

## कैट के राष्ट्रीय महामंत्री सांसद प्रवीन खण्डेलवाल आज आयेंगे



**ग्वालियर 24 अक्टूबर.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक नई दिल्ली के सांसद प्रवीन खण्डेलवाल 25 अक्टूबर को शाम 6.50 बजे बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस से ग्वालियर आयेंगे। उल्लेखनीय है कि कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा 26 अक्टूबर को आयोजित दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम शगुन मैरिज गार्डन, करोली मंदिर के गेट पर आरोग्यधाम के पीछे, शाम 5 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर ग्वालियर के 18 प्रतिष्ठित व्यापारियों को व्यापार गौरव के सम्मान से सम्मानित भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविन्द्र जैन भोपाल द्वारा की जायेगी। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता ने कैट सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# छट पूजा को लेकर ट्रेन ठसाठस, भीड़ इतनी बैठाने पहुंची पुलिस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अक्टूबर.** छठ पूजा के लिए ग्वालियर से बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश जाने वाली चार ट्रेनों में भीड़ उमड़ पड़ी है। शुक्रवार सुबह भीड़ इतनी अधिक थी कि व्यवस्थाएं बनाने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के जवानों को प्लेटफॉर्म पर मशक्कत करते दिखाई दिए।

भाईदूज के बाद देश के अन्य इलाकों में लौटने वालों की भीड़ भी इस समय स्टेशन पर मौजूद है। बीती शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक स्टेशन पर 12 हजार से अधिक लोग मौजूद थे, जबकि आमतौर पर एक समय में स्टेशन पर 4 से 5 हजार लोग रहते हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को प्लेटफॉर्म पर भागदौड़ करना पड़ी। पुलिस ने लोगों को कोच में चढ़ाने में सहायता की।

ग्वालियर से पटना, दरभंगा, समस्तीपुर, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और सहरसा जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं। जिन यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहे वे यात्री वेटिंग टिकट लेकर या जनरल डिब्बों में सफर कर रहे हैं। रेलवे ने अतिरिक्त दबाव को देखते हुए कुछ विशेष ट्रेनें भी चलाई है, लेकिन इन ट्रेनों में भी टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। उल्लेखनीय है कि छठ पर्व बिहारियों के लिए सिर्फ एक





त्योहार नहीं, बल्कि आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। चाहे वे देश के किसी भी हिस्से में क्यों न हों, इस पर्व पर वे अपने गांव लौटना नहीं भूलते। ग्वालियर में कामकाज करने वाले प्रवासी मजदूरों से लेकर निजी कंपनियों में कार्यरत लोग तक सभी घर लौटने की तैयारी में हैं। ग्वालियर से निकलने वाली हर ट्रेन में अब छठी माई के जयकारे गूंज रहे हैं।

### स्टेशन पर बढ़ाई चौकसी

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त सुरक्षा और सफाई के इंतजाम किए हैं। आरपीएफ जवानों की तैनाती बढ़ा दी गई है ताकि भीड़ से यात्रियों को परेशानी न हो। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अगले दो दिनों तक स्टेशन पर भीड़ बनी रहने की संभावना है, क्योंकि अधिकांश लोग छठ के पहले दिन तक अपने गांव पहुंच जाना चाहते हैं।

### बाजारों में भी हो रही खरीदारी

छठ पर्व को लेकर माहौल में उत्साह और उमंग साफ झलक रही है। शहर के बाजारों में पूजा सामग्री, सूप, दौरा, नारियल और फल-फूल की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ है।

### छठ गीतों से गूंजायमान हुए विभिन्न स्टेशन

छठ पर्व का उत्सव अब रेलवे स्टेशनों पर भी अपनी सुमधुर छाप छोड़ रहा है। झांसी मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर जैसे ही यात्री पहुंचे, उद्घोषणा प्रणाली से गूंजने लगे छठ पूजा के पारंपरिक गीत—

केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव..., काँच ही बाँस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए..., मंगीला हम वरदान हे गंगा मइया... इन गीतों की मधुर धुनों ने स्टेशन परिसर को भक्तिमय और सांस्कृतिक माहौल से भर दिया है। इस वर्ष भारतीय रेल द्वारा पहली बार ऐसे पारंपरिक लोकगीतों को स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। झांसी मंडल के अंतर्गत वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, ओरई, टीकमगढ़, महाराजा छत्रसाल छतरपुर, चित्रकूटधाम कर्वी सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे हैं। यह पहल यात्रियों को न केवल अपने घर और संस्कृति से जोड़ रही है, बल्कि उन्हें एक भावनात्मक अनुभव भी प्रदान कर रही है। छठ पूजा के अवसर पर हर वर्ष लाखों की संख्या में यात्री बिहार और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में अपने घरों की ओर लौटते हैं। इस बार भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनों तथा हजारों नियमित ट्रेनों का संचालन किया है, जिससे सभी यात्री सुरक्षित और सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। स्टेशनों पर छठ गीतों के प्रसारण से महिला यात्रियों में



विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कई महिलाएं इन गीतों को गुनगुनाते हुए यात्रा कर रही हैं। यह प्रयास भारतीय रेल की सांस्कृतिक संवेदनशीलता और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक अभिनव कदम है। छठ पर्व लोक आस्था का ऐसा उत्सव है जो लोकगीतों के बिना अधूरा माना जाता है। महिलाएं समूह में छठ मइया के गीत गाते हुए घाटों की ओर जाती हैं और सूर्यदेव तथा छठी मइया से अपने परिवार और समाज की समृद्धि की कामना करती हैं। इस बार झांसी मंडल के रेलवे स्टेशनों पर इन लोकधुनों की गूंज ने यात्रियों को घर की मिट्टी की खुशबू और अपनी संस्कृति की आत्मीयता का अनुभव कराया है।

### रेलवे की तैयारी, आज चलेगी स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन एक ट्रिप के रूप में 25 अक्टूबर को चलेगी। ट्रेन संख्या 01661 रानी कमलापति से सुबह 7.30 बजे रवाना होगी। यह विदिशा 8.28, बीना 9.50, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी 12.45, ग्वालियर 2.20, आगरा कैंट 4.45 और मथुरा 6 बजे, हजरत निजामुद्दीन 8.15 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 01662 हजरत निजामुद्दीन से उसी दिन रात 9.30 बजे चलेगी और मथुरा 11.55, आगरा कैंट 12.50, ग्वालियर 2.55, झांसी 5.35, बीना 8.10 और विदिशा 9.15 होते हुए अगले दिन सुबह 10.50 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 22 एलएचबी कोच होंगे जिनमें दो द्वितीय वातानुकूलित, तीन तृतीय वातानुकूलित, छह इकोनॉमी एसी थर्ड, पांच स्लीपर, चार सामान्य श्रेणी, एक एसएलआरडी और एक जनरेटर कार शामिल हैं।

### रिजर्वेशन नही मिला तो लिया तत्काल का सहारा,वहां भी मिली निराशा

ट्रेनों में रिजर्वेशन नहीं मिलने पर कुछ लोंगों ने तत्काल का सहारा लिया लेकिन यहॉ भी टिकट कराने आए लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। सुबह से लाइन में लगे कुछ ही यात्रियों को कन्फर्म सीट मिल पाई वाकि यात्रियों का जब तक नंबर आया तब तक सीटें फुल हो गई।

## महिला पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाले एसआई को एएसपी ने किया लाइन अटैच

**ग्वालियर 24 अक्टूबर.** जिला चिकित्सालय मुरार में इलाज कराने गई महिला पत्रकार के साथ रात 12:30 बजे मुरार थाने के एसआई द्वारा की गई अभद्रता पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्वालियर एएसपी धर्मवीर सिंह ने एसआई को लाइन हाजिर कर दिया। गौरतलब हैं कि इस घटना का शहर के कई व्हाट्सएप ग्रुप पर वीडियो भी वायरल हो रहा था और सोशल मीडिया पर पत्रकार घटना की निंदा

**नवभारत ने उठाया था मुद्दा**

कर रहे थे। नवभारत को पीड़ित महिला पत्रकार ने फोन पर अपनी आपबीती सुनाई थी जिसके बाद रिपोर्टर ने पुलिस अधिकारियों को फोन कर जानकारी मांगी थी और शुक्रवार के अंक में इस खबर को प्रकाशित भी किया था। ऊधर पीड़ित महिला पत्रकार ने आईजी ग्वालियर रेंज को लिखित शिकायत देते बताया कि लाइन अटैच की कार्रवाई दिखाबे की हैं, यह कार्रवाई काफी नही हैं एसआई को सजा भी दी जानी चाहिए।

## अपर आयुक्त को निरीक्षण के दौरान पार्कों में मिली गंदगी

**ग्वालियर 24 अक्टूबर.** अपर आयुक्त टी प्रतीक राव द्वारा वार्ड क्रमांक 58 स्थित पार्कों के निरीक्षण के दौरान मिली गंदगी को लेकर पार्क सुपरवाइजर को नोटिस जारी किया है।

अपर आयुक्त टी प्रतीक राव ने वार्ड क्रमांक 58 स्थित कचरा संग्रहण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने आमजनों से बात कर कचरा अलग-अलग देने की बात कही। इसके साथ ही कचरा एकत्रित करने के लिए आने वाले टिपर वाहन की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने वार्ड 58 में पार्कों का निरीक्षण भी किया, निरीक्षण में उन्हें गंदगी मिली। साथ ही पार्क में कम्पोटिंग का कार्य ठीक नहीं मिला। पार्क



के अंदर पत्ते बिखरे हुए मिले, साथ ही पार्क सुपरवाइजर सुभाष शाक्य भी मौके पर मौजूद नहीं मिले। गंदगी मिलने एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर सुपरवाइजर को नोटिस जारी किया गया है।



## एयरोस्पेस इंडस्ट्री में अनुभव और नवाचार पर व्याख्यान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 अक्टूबर.** माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, सम विश्वविद्यालय, ग्वालियर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट और एयरोस्पेस क्लब द्वारा, इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) ग्वालियर लोकल सेंटर के सहयोग से इन्फो सेशन नामक सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जीई एरोनॉटिक्स के एडवांस्ड लीड इंजीनियर एवं उद्योग विशेषज्ञ अंकित शुक्ला ने छात्रों को एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के वर्तमान परिदृश्य और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एयरोस्पेस क्षेत्र केवल विमान निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एयरक्राफ्ट डिजाइन, एयरलाइंस एवं एयरपोर्ट प्रबंधन, फ्लाइट ऑपरेशंस, ग्राउंड हैंडलिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर और मेंटेनेंस जैसे अनेक क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अनुभव इस उद्योग की सबसे बड़ी पूँजी है हर प्रोजेक्ट हर डिज़ाइन, हर परीक्षण आपको सीखने और आगे बढ़ने का नया अवसर देता है. श्री शुक्ला ने छात्रों को समझाया कि चाहे वे मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स या कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हों यदि वे सही प्रशिक्षण और प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करें,कार्यक्रम में इंजीनियर राधाकिशन खेतान, प्रोफेशनल इंजीनियर विनय शुक्ला, इंजी. विनय शुक्ला, इंजी शिव पाण्डे, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. मनीष कुमार सागर, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. सी. एस. मालवी एवं डॉ. नितिन उपाध्याय उपस्थित थे।

### आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में रविवार को डॉ. खरे उपलब्ध रहेंगे



**ग्वालियर 24 अक्टूबर.** सर गंगा राम हॉस्पिटल नई दिल्ली के वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर शिवम खरे कल दिनांक 26 अक्टूबर रविवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक ओपीडी में अपनी सेवाएं देंगे गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में जो सुविधाएं दिल्ली में उपलब्ध हैं वह आपको ग्वालियर में भी उपलब्ध होगी डॉ शिवम खरे प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को परामर्श हेतु आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में लगातार उपलब्ध रहेंगे.

















